**Shree Ram Sharnam,**
**International Spiritual Centre**
8A, Ring Road, Lajpat Nagar - IV,
New Delhi - 110 024, INDIA

**जन्म सफल होगा रे बन्दे**

**राम नाम जप हे मना, अमृतवाणी मान,**
**राम नाम में राम को सदा विराजित जान ॥**

**जन्म सफल होगा रे बन्दे,**
**मन में राम बसाले,**
**हे राम नाम के मोती को,**
**सांसों की माला बनाले,**
**मन में राम बसाले, जन्म सफल . . .**

**राम पतित पावन करुणाकर,**
**और सदा सुखदाता,**
**सरस सुहावन अति मन भावन,**
**राम से प्रीत लगाले,**
**मन में राम बसाले, जन्म सफल . . .**

**मोह माया है झूठा बन्धन,**
**त्याग उसे तू प्राणी,**
**राम नाम की ज्योत जलाकर,**
**अपना भाग्य जगाले,**
**मन में राम बसाले, जन्म सफल . . .**

**राम भजन में डूब के अपनी,**
**निर्मल करले काया,**
**राम नाम से प्रीत लगा के,**
**जीवन पार लगाले,**
**मन में राम बसाले, जन्म सफल . . .**